
फैमली टाइम्स

RNI NO : PUNMUL/2009/2902 | 1 , JULY , 2025 | PAGES : 20 | E-PAPER

# IND vs ENG: दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने घोषित की प्लेइंग 11, आर्चर का इंतजार बढ़ा; टीम में कोई बदलाव नहीं




भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को प्लेइंग 11 का एलान कर दिया। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है। भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू होने जा रहे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को प्लेइंग 11 घोषित कर दी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है जबकि प्रशंसकों को जोफ्रा आर्चर की वापसी के लिए इंतजार करना होगा।



# Vastu Dosha Correction

**Without any Remedies**

HOLISTIC VASTU CONSULTANTS


**First Phone Advice Free**

Scientific Vastu Shastra Consultant since 2012.

**13+ years experience.**

## SERVICES

- ✓ VASTU FOR HOME
- ✓ VASTU FOR OFFICE
- ✓ VASTU FOR HOTELS
- ✓ VASTU FOR FACTORY
- ✓ VASTU FOR PLOTS



**Sonam Sandhu**

+91-93502-71012 www.vastushastraconsultant.com

# चंडीगढ़ में हादसा टला: सेक्टर 47-48 टी पॉइंट पर अचानक धंसी सड़क, बाइक समेत गड्ढे में गिरा युवक



दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बाइक और युवक को बाहर निकाला। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। गनीमत रही कि हादसे में बाइक सवार बाल बाल बच गया। चंडीगढ़ में सेक्टर 47-48 टी पॉइंट पर सोमवार सुबह अचानक सड़क धंस गई। सड़क धंसने से एक बाइक सवार युवक बाइक के साथ गड्ढे में गिर गया। आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। इसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बाइक और युवक को बाहर निकाला। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। गनीमत रही कि हादसे में बाइक सवार बाल बाल बच गया। वहीं हादसे के बाद सड़क को बंद कर दिया गया। इस हादसे ने प्रशासन की पोल खोलकर रख दी है।


BALAJI AUTOS
CAR REPAIR SERVICES
Get your car fixed right the first time with our certified and experienced car repair technicians.
Our Services
-Wheel Alignment
- Washing Drycleaning
- Denting - Painting
- Car Scanning
- Apollo Tyers Available
- Insurance of Car Bike
-Car Fitness Certificate
20% OFF
Bmw,Audi, Mercedes,Maruti, Hyundai,Honda,Gm,Kia,Skoda,VW
BALAJI AUTOS
Plot No. 37, Main Road, Sec- 42, Attawa, Chd
9646952897

# चंडीगढ़ के लिए खतरे की घंटी: जिन पेड़ों की गोद में बसा शहर, अब उन्हीं से बढ़ने लगा खतरा... क्या है कारण



चंडीगढ़ में शनिवार रात को आई भारी बरसात के कारण सेक्टर 22 में डिवाइडिंग रोड पर लगा विशाल पिलखन का पेड़ एक घर पर गिर गया था। चंडीगढ़ की हरियाली पर खतरे की घंटी बज गई है। रविवार को तेज बारिश के कारण सेक्टर-22/23 की डिवाइडिंग रोड पर सेक्टर-22 की तरफ एक विशाल पिलखन का पेड़ जड़ से उखड़ गया और एक सरकारी मकान पर जा गिरा। इससे सरकारी घर की पिछली दीवार और अंदर बने एक छोटे कमरे को नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सेक्टर-32 में भी ऐसा ही हादसा हुआ। शहर में लगे वे पेड़, जिनकी उम्र 150 से 200 साल होनी चाहिए, वे महज 50-60 साल में गिरने लगे हैं। इससे कई सवाल उठने लगे हैं।

# चंडीगढ़ निगम की बैठक में हंगामा: आप और कांग्रेस ने सदन में पास एजेंडे के मिनट्स बदलने का लगाया आरोप



सदन की शुरुआत में ही डिप्टी मेयर तरुणा मेहता और प्रेमलता ने आरोप लगाया कि मिनट्स में बदलाव किया गया । जिस एजेंडे को पास किया गया उसको मिनट्स में रिजैक्ट दिखा दिया गया है। चंडीगढ़ नगर निगम सदन की बैठक शुरू हो गई है। नगर निगम सदन की बैठक की शुरुआत में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षदों ने सदन में पास एजेंडे को मिनट्स में बदलने का आरोप लगाया है। सदन की शुरुआत में ही डिप्टी मेयर तरुणा मेहता और प्रेमलता ने आरोप लगाया कि मिनट्स में बदलाव किया गया । जिस एजेंडे को पास किया गया उसको मिनट्स में रिजैक्ट दिखा दिया गया है।

# सोने-चांदी के भाव गिरे: 10 दिन में 3600 रुपये तोला कम हुआ सोने का दाम, चांदी में आई इतनी गिरावट

सोने-चांदी के भाव गिरे: 10 दिन में 3600 रुपये तोला कम हुआ सोने का दाम, चांदी में भी तीन हजार की गिरावट। सोने और चांदी के भाव एक बार फिर कम हुए हैं। पिछले 10 दिन में सोना 3600 और चांदी 3000 रुपये तक सस्ती हुई है। 19 जून को जहां सोने का भाव करीब 1 लाख 2 हजार रुपये तोला (10 ग्राम) था, वह अब 98400 रुपये पर आ गया है। उम्मीद जताई जा रही थी कि दुनिया में चल रहे युद्ध की वजह से रेट बढ़ेगा, हालांकि कुछ दिनों से इसमें कमी आई है। रविवार को शहर में 24 कैरेट सोने का भाव 98 हजार 400 रुपये प्रति तोला रहा। चांदी भी 7 दिन के अंदर 1.12 लाख रुपये किलो से 1.09 हजार रुपये तक आ गई। पिछले काफी समय से सोने के भाव में उतार-चढ़ाव जारी है। हालांकि देखा जाए तो सोना महंगा होता जा रहा है।




# चंडीगढ़ से बैजनाथ-सरकाघाट के लिए नहीं चलीं बसें: छह महीने पहले प्रशासक ने दिखाई थी हरी झंडी, ये है कारण




सीटीयू ने हिमाचल रोडवेज से कई बार बस चलाने की मंजूरी मांगी, लेकिन हिमाचल ने अब तक मंजूरी नहीं दी है, जिस वजह से रूट बंद हैं। इस मुद्दे पर पिछले कई महीनों से सीटीयू की ओर से लेटर भेजे जा रहे हैं। छह महीने पहले चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने सीटीयू की 60 लॉन्ग रूट की बसों को हरी झंडी दिखाई थी। उस समय सीटीयू ने दावा किया था कि वो बैजनाथ, सरकाघाट और जोगिंदर नगर के लिए बस चलाएंगे, लेकिन आजतक ये बसें नहीं चल पाई हैं। कारण है कि हिमाचल ने सीटीयू की इन बसों को काउंटर टाइम ही नहीं दिया। सीटीयू ने जनवरी में अन्य रूटों के साथ हिमाचल के चार रूटों पर बस चलाने का फैसला किया था, जिसमें चंडीगढ़ से बैजनाथ वाया फोर लेन, सरकाघाट वाया फोर लेन, जोगिंदर नगर वाया फोर लेन और शिमला वाया सोलन के रूट शामिल थे। इनमें से वर्तमान में सिर्फ शिमला रूट पर ही बस चल रही है।

# पंजाब यूनिवर्सिटी के सीडीओई में डुअल डिग्री का मौका, 17 जुलाई से शुरू होंगे दाखिले

पंजाब यूनिवर्सिटी का सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) ने सत्र 2025-26 के लिए डुअल डिग्री प्रोग्राम की घोषणा की है। यूजीसी की डुअल डिग्री गाइडलाइंस के तहत छात्र इसका लाभ ले सकेंगे। इसमें छात्र एक साथ दो शैक्षणिक कार्यक्रमों में दाखिला ले सकेंगे। इनमें एक रेगुलर और एक डिस्टेंस मोड या दोनों डिग्री डिस्टेंस मोड में की जा सकती हैं। इसके साथ ही छात्र एक डिग्री और एक एडवांस डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स भी साथ-साथ कर सकेंगे। यह व्यवस्था उन छात्रों के लिए खास फायदेमंद साबित होगी जो समय की बचत के साथ-साथ करियर विकल्पों को भी दोगुना करना चाहते हैं।



# केंद्रीय सदन में मनाया गया 19वां सांख्यिकी दिवस, प्रो. महालनोबिस को दी गई श्रद्धांजलि



अर्थशास्त्र, योजना और सांख्यिकी के क्षेत्र में बड़ा योगदान देने वाले प्रोफेसर पीसी महालनोबिस के सम्मान में एनएसएसओ (एफओडी) के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से रविवार को 19वां सांख्यिकी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर-9 स्थित केंद्रीय सदन के मिनी हॉल में आयोजित किया गया। इस वर्ष सांख्यिकी दिवस की थीम "राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75वें वर्ष पर केंद्रित रही।

समारोह का शुभारंभ एनएसएसओ (एफओडी) आरओ के उप महानिदेशक दीपक मेहरा ने किया। उन्होंने प्रो. पीसी महालनोबिस के जीवन और सांख्यिकी के क्षेत्र में उनके योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीआईबी के पूर्व निदेशक पवित्र सिंह ने भारतीय सांख्यिकी प्रणाली के निर्माण में प्रो. महालनोबिस की भूमिका और मानव जीवन में सांख्यिकी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# अमृतसर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट पकड़ा, 60 किलो हेरोइन बरामद; नौ आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर से नौ प्रमुख गुर्गों और हवाला ऑपरेटरों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने यह जानकारी दी। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बीएसएफ और राजस्थान पुलिस के सहयोग से पाक स्थित तस्कर तनवीर शाह और कनाडा स्थित हैंडलर जोबन कलेर द्वारा संचालित एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल को ध्वस्त किया है। राजस्थान के बाड़मेर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से 60.302 किलोग्राम हेरोइन की एक बड़ी खेप बरामद की है।

# चार दिन भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट, तापमान में गिरावट से लोगों को राहत



मौसम विभाग ने अगले चार दिन पंजाब में मानसून की गतिविधियों में और तेजी की भविष्यवाणी की है। इसके तहत सोमवार को पंजाब में कुछ जगहों पर बेहद भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी हुआ है, वहीं इसके अगले तीन दिन भारी बारिश की संभावना जताई गई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार तक पूरे देश को कवर कर लिया है। जबकि मौसम विभाग ने 8 जुलाई तक मानसून के पूरे देश को कवर करने का अनुमान लगाया था। लेकिन इस बार 9 दिन पहले ही ऐसा हो गया है। पंजाब में मानसून की बारिश के कारण तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। तापमान में 2.6 डिग्री की कमी दर्ज की गई। इससे अब यह सामान्य से 4.6 डिग्री नीचे गिर गया है। सबसे अधिक 40.8 डिग्री का पारा बठिंडा का दर्ज किया गया।


# आरटीई के तहत 49,237 सीटें खाली रह गईं, फिर से पोर्टल खोलने की मांग

प्रदेशभर में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत 7754 निजी स्कूलों ने 61,040 सीटें दिखाई हैं, जिनमें 14,127 आवेदन आए। 11,803 विद्यार्थियों को स्कूल आवंटित किए गए हैं। इनमें नर्सरी के 6,568, एलकेजी के 1,200, यूकेजी के लिए 1,207 और कक्षा एक के 2,828 विद्यार्थी हैं। 2,324 विद्यार्थियों का उनको मनचाहा स्कूल नहीं मिलने से दाखिला नहीं हो पाया है। 49,237 सीटें अभी खाली रह गईं हैं। इस पर प्राइवेट स्कूल संघ ने शिक्षा विभाग से फिर से आवेदन पोर्टल खोलने की मांग की है, ताकि शेष सीटों पर ज्यादा से ज्यादा इच्छुक गरीब बच्चों का दाखिला हो सके।



# सितंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी सड़कों की मरम्मत : मेयर

सेक्टर-36 के पीपल्स कन्वेंशन सेंटर में रविवार को फॉसवेक की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में मेयर हरप्रीत कौर बबला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। फॉसवेक के पदाधिकारियों को मेयर ने शहर की सड़कों की मरम्मत, डंपिंग ग्राउंड, लावारिस कुत्तों के बारे में जवाब दिया। मेयर ने कहा कि आरडब्ल्यूए को जून तक की बकाया राशि ही जारी की जाएगी। सड़कों की मरम्मत सितंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पार्किंग में एंट्री के दौरान लोगों को कोई चार्ज नहीं देना पड़ेगा, जब लोग बाहर जाने लगेंगे तो उन्हें चार्ज देना होगा।



# 2009 से पहले स्थापित मंदिरों/धार्मिक संस्थानों के प्रत्येक मामले की समीक्षा की जाए



सेक्टर-37 के श्री सनातन धर्म मंदिर में रविवार को हिंदू पर्व महासभा की बैठक हुई। इसमें 2009 से पहले स्थापित मंदिरों/धार्मिक संस्थानों के प्रत्येक मामले की समीक्षा की मांग उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता बीपी अरोड़ा ने की। शहर के सभी मंदिरों के पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए। महासभा के महासचिव कमलेश चंद्र सूरी बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित आदेशों का पूर्णत: पालन किए बिना नगर निगम एवं जिला प्रशासन चंडीगढ़ की ओर से मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों को तथाकथित अतिक्रमण के नोटिस जारी किए गए हैं। उनमें वर्ष 2009 से पहले स्थापित मंदिरों/धार्मिक संस्थानों के प्रत्येक मामले की समीक्षा करना आवश्यक है। जिन मंदिरों या धार्मिक संस्थानों को नोटिस जारी किए गए हैं उनमें से कई प्राचीन हैं।

# सरकारी अस्पतालों से हटाई जाएंगी खराब मशीनें और उपकरण




प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में खराब उपकरणों व मशीनों के कारण अब मरीजों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। मरीजों की दिक्कतें बढ़ाने वाले ऐसे खराब उपकरणों को अस्पतालों से जल्द हटाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने सरकारी अस्पतालों में इस तरह की खराब मशीनों व उपकरणों की पहचान उन्हें तत्काल प्रभाव से बदलने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। मंत्री राव ने कहा कि प्रदेशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में मशीनी उपकरणों की परख करके ब्योरा तैयार किया जाए। मशीनों में अचानक गड़बड़ी आने से मरीज और तीमारदार दोनों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इसलिए इस तरह के सभी उपकरण की जांच करके ठीक होने वाले उपकरणों की मरम्मत कराई जाए, जो बार-बार खराब हो रहे हैं, उन्हें बदला जाए।

# एडीसी ने श्री माता मनसा देवी में श्रमदान किया

अतिरिक्त उपायुक्त एवं माता मनसा देवी बोर्ड की सीईओ निशा यादव की अध्यक्षता में रविवार को मनसा देवी मंदिर में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया गया। उन्होंने सभी से स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर अपने आसपास सफाई रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि श्रमदान स्वच्छता अभियान में बोर्ड में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई के ठेकेदार के कर्मियों ने भी बढ़चढ़कर पूरे उत्साह के साथ इस अभियान में हिस्सा लिया। इसमें गुरुकुल के सदस्यों, नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया।



# पंचकूला पुलिस ने दी घग्गर में जलस्तर बढ़ने की चेतावनी



मानसून की दस्तक के साथ ही पंचकूला पुलिस अलर्ट मोड पर है। संभावित प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पुलिस ने घग्घर नदी के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में सेक्टर-1 चौकी की टीम ने नदी के किनारे और आसपास के इलाकों का जायजा लिया और लोगों को जलस्तर बढ़ने की आशंका को लेकर सतर्क किया। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों को चेताया कि बरसात के दौरान घग्घर नदी में पानी का बहाव बेहद तेज हो सकता है। इससे निचले इलाकों में जलभराव या अचानक बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है। ऐसे में नदी किनारे जाना जानलेवा साबित हो सकता है।

# एयरोसिटी-आईटी सिटी में बारिश बनी आफत, बिजली-पानी दोनों ठप



बारिश एयरोसिटी और आईटी सिटी के लोगों के लिए यह हर बार मुसीबत बनकर आती है। हल्की बारिश होते ही बिजली गुल हो जाती है और पीने के पानी की सप्लाई ठप हो जाती है। शनिवार रात और रविवार सुबह फिर वही हालात बने। जी-ब्लॉक एयरोसिटी और आईटी सिटी के दर्जनों इलाकों में सुबह चार बजे से बिजली बंद हो गई, जो दोपहर तक भी बहाल नहीं हो सकी। इससे लोगों को न सिर्फ पंखों और एसी के बिना भीषण गर्मी में रहना पड़ा, बल्कि घरों में इनवर्टर तक जवाब दे गए। बिजली की सप्लाई रुकते ही पानी की सप्लाई भी पूरी तरह से बंद हो गई। कई घरों में पानी स्टोर करने की सुविधा नहीं है, इससे लोग नहाने, खाना बनाने तक के लिए पड़ोसियों से पानी मांगने को मजबूर हो गए।

# ओपरा गार्डन सोसाइटी के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया समाप्त, आज डीसी से मिलेंगे



ओपरा गार्डन सोसाइटी के लोगों की ओर से एक हफ्ते से सुविधाएं न मिलने के कारण काली पट्टी बांधकर बिल्डर खिलाफ किया जा रहा रोष प्रदर्शन रविवार को समाप्त हो गया। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि उनकी मांग पर बिल्डर द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। इसीलिए उन्होंने धरना समाप्त कर सोमवार को डिप्टी कमिश्नर मोहाली से मिलने का फैसला लिया है। इस कारण उन्हें बेसिक सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि यहां करोड़ों रुपये देकर फ्लैट खरीदे थे। बिल्डर ने क्लब हाउस, एसी हेल्थ क्लब, लाइब्रेरी, इंडोर गेम्स, मिनी थिएटर, स्विमिंग पूल, 24 घंटे थ्री टायर सिक्योरिटी, 24 घंटे पॉवर बैकअप, जॉगिंग ट्रेक चिल्ड्रन प्ले एरिया, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, शॉपिंग एकरेड, कलस्टर कोट, हाई स्पीड एलीवेटर आदि जैसी सुविधाएं देने का वादा किया था।